पशु जागृति अभियान अंतर्गत पशु बांझपन शिविर एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. एस.पी. तिवारी के मार्गदर्शन में एवं अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा के निर्देशानुसार ग्राम मुड़ेरी विकासखंडदृजबेरा, जिला – दमोह में पशु जागृति अभियान अंतर्गत पशु बांझपन शिविर एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन दिनांक 05.01.2024 को पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा किया गया ।

मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रम में लगभग 260 पशुओं की जांच एवं बीमार पशुओं का इलाज किया गया साथ ही दवाईयां एवं भोजन भी हितग्राहियों को वितरित किया गया।

एक दिवसीय प्रशिक्षण के अंतर्गत विषय विशेषज्ञ डॉ. एस.के. कारमोरे, डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. अभिषेक बिसेन, डॉ. रणबीर जाटव, डॉ. अनिल शिंदे, डॉ. राजकुमार पटेल, जबेरा सहायक पशु चिकित्सक डॉ. पंकज चौबे के द्वारा वैज्ञानिक विधि से डेयरी पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन एवं योजनाएं पर व्याख्यान दिए गए। जूनियर डॉ. हिमांशु रघुवंशी एवं सरपंच प्रतिनिधि श्री प्रकाश सिंह धुर्वे के विशेष सहयोग से इस शिवीर एवं संगोष्ठी का संचालन किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर